## एक नजर में

### शुजालपुर में अभाविप का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर



**शुजालपुर, 20 जून.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप नगर इकाई शुजालपुर द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर चार अलग-अलग सत्रों में संपन्न हुआ, जिसमें संगठन की कार्यपद्धति, छात्र हितों से जुड़े विषयों, व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया. शिविर में परिषद के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को संगठन के उद्देश्य, कार्यशैली और आगामी योजनाओं की जानकारी दी. वक्ताओं ने कहा कि अभाविप केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए युवाओं को तैयार करने वाला एक सशक्त मंच है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशील रहते हुए छात्र हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया. प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर सत्र 2026-27 की नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई. इसमें मुकेश मेवाड़ा को नगर अध्यक्ष एवं अजय गुर्जर को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया. नवीन दायित्व मिलने पर दोनों पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया. कार्यकारिणी घोषणा के पश्चात सभी नवदायित्ववान कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया. इस दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे. परिषद पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में संगठन छात्र हित, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रसार के लिए प्रभावी कार्य करेगा.

### नि:शुल्क योग शिविर का भव्य समापन

**शुजालपुर, 20 जून.** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयुष विभाग, पतंजलि योग समिति एवं आरोग्यम योग परिवार शुजालपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का शनिवार को भव्य एवं दिव्य समापन हुआ. शिविर के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया. समापन अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों, योग साधकों एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही. शिविर के दौरान योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित योगाभ्यास करने तथा योगा फॉर हेल्दी एजिंग की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया. शिविर में प्रमाणित योग प्रशिक्षक आयुष विभाग एवं जय प्रकाश परमार ने प्रतिदिन योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का प्रशिक्षण देकर प्रतिभागियों को योग के महत्व से अवगत कराया. उनके मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास का स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया. आयोजकों ने बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन का भी प्रभावी माध्यम है. कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, आयुष विभाग, पतंजलि योग समिति, आरोग्यम योग परिवार के सदस्यों एवं योग साधकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया. इस अवसर पर उपस्थित जनों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया और कहा कि योग से निरोग रहा जा सकता है तथा योग: कर्मसु कौशलम् के संदेश को जीवन में अपनाने का आह्वान किया.

### अवैध लकड़ियों से भरा ट्रैक्टर जब्त



**शुजालपुर, 20 जून.** वन विभाग शुजालपुर ने अवैध रूप से लकडियों का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है. कार्रवाई वन परिक्षेत्र शुजालपुर अंतर्गत कालापीपल बीट क्षेत्र में की गई. वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कालापीपल-सीहोर मार्ग पर जांच के दौरान पीपल की लकड़ियों से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली संदिग्ध अवस्था में पाया गया. पूछताछ में परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वाहन चालक एवं मालिक रज्जू खां पिता अनीश खां, निवासी पिपलियानगर पार्वती के विरुद्ध कार्रवाई की गई. वन अमले ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित लकड़ी को जब्त कर अपनी अभिरक्षा में लिया तथा मध्यप्रदेश अभिवहन वनोपज नियम 2022 की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज किया. जब्त वाहन एवं काष्ठ को कालापीपल से वन परिक्षेत्र कार्यालय शुजालपुर लाया गया है, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. कार्रवाई में कालापीपल बीट प्रभारी प्रदीप विश्वकर्मा, देवेंद्र मगोरिया, अजय देशमुख सहित वन विभाग के कर्मचारियों एवं कालापीपल थाना स्टाफ का सहयोग रहा. वन विभाग ने अवैध वनोपज परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है.

## हथियार लेकर घूमते रहे बदमाश लाखों का माल समेट ले गए

**मक्सी, 20 जून. मक्सी नगर में चोरी की लगातार बढ़ रही घटनाओं ने पुलिस की रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है. शनिवार तड़के मक्सी थाना परिसर से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित नई आबादी क्षेत्र में 8 से 10 बदमाश खुलेआम हथियार लेकर घूमते रहे और एक के बाद एक पांच मकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे गए. आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरो की गैंग कैद हो गई है.**

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच बदमाश नई आबादी क्षेत्र में बेखौफ घूमते रहे. स्थानीय लोगों ने बताया कि बदमाशों के हाथों में हथियार थे और उनके चेहरे भी अधिकांशत: खुले हुए थे. चोरों ने सबसे पहले क्षेत्र के अन्य मकानों और गोदामों को निशाना बनाया तथा बाद में आजाद खान के घर में घुसकर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया. आजाद के पीड़ित परिवार के अनुसार वारदात के समय घर में एक महिला और छोटे बच्चे मौजूद थे. चोरों ने घर में घुसते ही महिला को धमकाया और मासूम बच्चे की ओर इशारा करते हुए कहा कि यदि रुपए और जेवर नहीं बताए तो बच्चे को उठा ले जाएंगे. बदमाशों की इस धमकी से परिवार की महिला दहशत में आ गई. परिजनों के अनुसार चोरों ने पूरे घर को खंगाल डाला. अलमारियां, बक्से और अन्य सामान अस्त-व्यस्त कर दिए तथा करीब पांच से छह तोला सोने के जेवर, चांदी के आभूषण और लगभग 40 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए. पीड़ित परिवार के अनुसार वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों का हुलिया चड्डी-बनियान गैंग जैसा था. परिवार ने बताया कि अधिकांश बदमाश काली बनियान में थे. बदमाशों में से अधिकांश के चेहरे खुले हुए थे, जबकि एक-दो ने मुंह ढंक रखा था. हथियारों से लैस होकर घूम रहे इन बदमाशों की गतिविधियां सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई हैं. बदमाशों के हुलिए और वारदात के तरीके को देखकर क्षेत्र में चड्डी-बनियान गैंग की चर्चा शुरू हो गई है.

---

चामुंडा माता मंदिर में नपा के भ्रष्टाचार का विकास : भाग – 1

# 50 लाख की बाउंड्रीवॉल का फर्जी भुगतान

## नगर पालिका ने कराया था काम, बिना निर्माण के ठेकेदार को कर दिया भुगतान

**शाजापुर, 20 जून. देते हैं भगवान को धोखा, इंसां को क्या छोड़ेंगे... नगर पालिका के ठेकेदार मंदिर निर्माण में भी फर्जीवाड़ा और घोटाला करने से बाज नहीं आए. दुपाड़ा रोड स्थित चामुंडा माता मंदिर विकास को लेकर नगर पालिका द्वारा यहां पेबर ब्लॉक, रिटर्निंग वॉल और बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए टेंडर जारी किए गए थे, लेकिन ठेकेदार ने बिना निर्माण किए ही फर्जी बिल प्रस्तुत कर दिए. हैरत की बात तो यह है कि नगर पालिका के जिम्मेदारों ने**



**बिना भौतिक सत्यापन के ही इस फर्जी बिल को पास कर दिया और ठेकेदार को करीब 50 लाख का भुगतान कर दिया. रिटर्निंग वॉल तो आधी बनी हुई है, लेकिन मंदिर के पीछे न तो कोई बाउंड्री है और न कोई वॉल है.**

गौरतलब है कि दुपाड़ा रोड स्थित मां चामुंडा टेकरी पर मंदिर के पीछे पेबर ब्लॉक, रिटर्निंग वॉल की निविदा 2016 में जारी की गई थी. निविदा 15 लाख की थी, जो काम होते-होते 50 लाख तक पहुंच गई. ठेकेदार जायसवाल कंस्ट्रक्शन को 9.95 एबो एसओआर से टेंडर हुआ था. इस मामले में जब सूचना अधिकार के तहत नवभारत ने जानकारी ली, तो उसके अनुसार वर्ष 2016 में इस टेंडर की प्रक्रिया चालू हुई थी और मां चामुंडा टेकरी के पीछे पेबर ब्लॉक और बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जाना था, लेकिन आज दिनांक तक न तो मौके पर पेबर ब्लॉक है और न ही बाउंड्रीवॉल. प्रकरण क्रमांक 388/2016/3/5 2020 को कुल 50 लाख 96 हजार 91 का बिल बना था, जिसका भुगतान 48 लाख 44 हजार किया गया. कोविड के समय 13 मई 2022 को 53 लाख का भुगतान 15वें वित्त आयोग के मद से करने के निर्देश दिए गए थे. अब सवाल यह उठता है कि 15 लाख की बाउंड्रीवॉल बढ़ते-बढ़ते 54 लाख तक पहुंच गई और बिना भौतिक सत्यापन के करीब 50 लाख का भुगतान भी कर दिया.

### बिना सत्यापन के कैसे कर दिया भुगतान

नगर पालिका के इंजीनियर और ठेकेदार के गठबंधन के कारण बिना बाउंड्रीवॉल बने ही भुगतान हो गया, जबकि मौके पर भुगतान के पहले इंजीनियर को भौतिक सत्यापन करना होता है लेकिन नगर पालिका के इंजीनियर भ्रष्टाचार में इस कदर डूबे हैं कि उन्होंने बिना भौतिक सत्यापन किए ठेकेदार द्वारा बनाए गए बिलों को पास कर भुगतान कर दिया

### मौके पर आज भी नहीं है बाउंड्रीवॉल...

जिस बाउंड्रीवॉल का कोविड के समय भुगतान किया गया है, वह बाउंड्रीवॉल आज भी चामुंडा माता टेकरी के पीछे कहीं भी नहीं बनी हुई है. याने कि बिना भौतिक सत्यापन किए इंजीनियर और ठेकेदार ने मिलकर मंदिर के नाम पर 50 लाख का चूना सरकार को लगा दिया. केवल एक तरफ रिटर्निंग वॉल बनी हुई है. उसके बाद पूरी जगह आज भी खाली है.

### इनका कहना है...

*मामले की जानकारी लेकर ही बता पाएंगे. यदि मौके पर बाउंड्रीवॉल नहीं है, तो संबंधित इंजीनियर और ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही कराई जाएगी.*

*-भूपेंद्र कुमार दीक्षित, सीएमओ, शाजापुर*

---

### शहीद दीपक की स्मृति में किया पौधरोपण

**शुजालपुर, 20 जून.** केंद्र सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुक्तिधाम परिसर में पूर्व सैनिक संगठन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में शहीद दीपक की स्मृति में पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कमल परमार ने वर्तमान समय में वृक्षों की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाने के साथ कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. सेवानिवृत्त शिक्षक श्रीराम परमार ने अभियान को आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया. शांतिवन उत्थान समिति सचिव नरेंद्र जैन ने संस्था द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी. उन्होंने समिति की उपलब्धियों और योजनाओं से भी अवगत कराया.

### अपने घर लौट रहे बाइक सवार को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**शाजापुर, 20 जून.** जिला मुख्यालय से करीब 9 किमी दूर ग्राम नैनावद के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी. इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है. घटना शनिवार शाम करीब 5 बजे की है. सूचना मिलने पर नैनावद पुलिस चौकी की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाय. मृतक की पहचान 25 वर्षीय आकाश बामनिया के रूप में हुई है जो ग्राम सिहोदा निवासी था. आकाश अपनी मोटरसाइकिल से शाजापुर से अपने गांव सिहोदा लौट रहे थे. नैनावद पेट्रोल पंप के पास इंदौर की ओर जा रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे के बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है. 1033 एंबुलेंस की मदद से युवक के शव को शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया.

# इंजीनियर और ठेकेदार के गठबंधन में लक्ष्मी का वास...

**बात शाजापुर की**
मनोज पुरोहित

कहते हैं कि जोड़ियां आसमान में बनती हैं. शाजापुर नगर पालिका में भी इंजीनियर-ठेकेदार की ऐसी ही जोड़ी बनी हुई है. जिसे देखकर साक्षात विधाता भी अपनी फाइलें समेटकर कोने में बैठ जाए. यह कोई मामूली साठगांठ नहीं है, यह एक पवित्र महा-गठबंधन है, जिसका एकमात्र राष्ट्रीय लक्ष्य है जनता की जेब खाली कर के अपनी तिजोरी भरना है. हमारे काबिल इंजीनियर साहब के पास ऐसी दिव्य दृष्टि है कि उन्हें धूल में भी स्मार्ट सिटी नजर आती है. जब ठेकेदार साहब कागजों में 4 इंच मोटी डामर और आरसीसी सड़क बिना खुदाई के बिछाते हैं, तो इंजीनियर साहब उसे अपनी दूरबीन से 8 इंच का मानकर तुरंत ओके की सील लगा देते हैं. इस गठबंधन की सबसे बड़ी खूबी है इनकी शॉर्ट-टर्म मेमोरी वाली सड़कें. सड़क आज बनती है, कल बारिश की दो बूंदें गिरती हैं और परसों सड़क खुद को ढूंढती नजर आती है. जब जनता शिकायत करती है, तो इंजीनियर साहब बड़े दार्शनिक अंदाज में कहते हैं देखिए, परिवर्तन ही संसार का नियम है. सड़क का गड्ढे में बदलना प्रकृति का नियम है, इसमें हम क्या कर सकते हैं. शाजापुर के कुछ वार्डों में ऐसे नाले और नालियां बन चुकी हैं, जो सिर्फ फाइलों में बहती हैं. इन नालों का पानी इतना स्वच्छ है कि वह दिखता ही नहीं. ठेकेदार साहब बिना एक भी ईंट रखे बिल पास कराने की कला में माहिर हैं और इंजीनियर साहब वर्क कंप्लीशन सर्टिफिकेट ऐसे बांटते हैं, जैसे सत्यनारायण भगवान का प्रसाद हो. शाजापुर नगर पालिका में इंजीनियर और ठेकेदारों का पवित्र गठबंधन पिछले दो दशकों से चला आ रहा है. या यूं कहें कि ठेकेदारों को अमीर बनाने में नगर पालिका के इंजीनियरों की अति महत्वपूर्ण भूमिका है. जनप्रतिनिधि तो अपना कमीशन लेकर दूर हो जाते हैं, लेकिन इंजीनियर की अनुकम्पा से ठेकेदारों द्वारा जो घटिया सड़क बिना खुदाई के बनाई जाती है, उससे ठेकेदार के गाल कचौरी जैसे हो गए हैं. याने कि नगरपालिका में सही मायने में लक्ष्मी की कृपा किसी पर बरस रही है, तो इंजीनियर और ठेकेदारों के गठबंधन पर. शाजापुर नगर पालिका का यह इंजीनियर-ठेकेदार महा गठबंधन आज के युग का सबसे सफल बिजनेस मॉडल है. जनता टैक्स देती रहे, गड्ढों में गिरती रहे और यह जोड़ी सलामत रहे. आखिरकार, शाजापुर की जनता को भी तो समझना चाहिए कि अगर सड़कें हमेशा के लिए पक्की बन गईं, तो बेचारे ठेकेदार के बच्चे और इंजीनियर साहब के सपने कैसे पक्के होंगे. विकास हो न हो, इस महा गठबंधन का विकास अमर रहना चाहिए.

### घटिया निर्माण में इंजीनियर मैडम का ठेकेदारों को फुल आशीर्वाद

नगरपालिका में एक दशक से अधिक समय से पदस्थ महिला इंजीनियर का घटिया निर्माण के मामले में ठेकेदारों को फुल आशीर्वाद है. यही कारण है कि एक संजीवनी क्लीनिक निर्माण के दौरान घटिया निर्माण से ठेकेदार को पुतो-फलो का आशीर्वाद देने वाली इंजीनियर मैडम को कलेक्टर मैडम ने जमकर फटकार लगाई. लगता है पहली बार घटिया निर्माण के मामले में इंजीनियर मैडम को किसी ने फटकार लगाई होगी. इंजीनियर मैडम इतनी सहज और सरल हैं कि ठेकेदार जो बिल लेकर आता है, वे उस पर सील लगाकर ओके कर देती हैं. इसलिए इंजीनियर मैडम को हटाने या उनकी जगह बदलने की खबर से ही ठेकेदार बेचैन हो जाते हैं.

### असली मलाई तो ठेकेदार खा रहे हैं

परिषद में जो भी चुनकर आता है, वो 5 टका, 10 टका कमीशन लेकर खुश हो जाता है, लेकिन असली मलाई तो ठेकेदार और इंजीनियर खाते हैं. शहर में एक भी ऐसी सड़क नहीं है, जिसको खुदाई करके बनाया गया हो और भुगतान पूरी खुदाई का ठेकेदारों को मिलता रहा है. इसके बदले इंजीनियर का आशीर्वाद जरूरी है. यही कारण है कि ठेकेदार एबो में भी ठेके लेकर जमकर लक्ष्मी दर्शन करते हैं. नपा को कमीशन नहीं इंजीनियर और ठेकेदार के गठबंधन ने बर्बाद कर दिया है.

### अंत में...

घटिया निर्माण का काम पड़ा तो सारे अनुबंध हो गए... ठेकेदार और इंजीनियर के भी संबंध हो गए.

## हमें पौधारोपण कर उनके संरक्षण और संवर्धन का काम करना होगा

**शाजापुर, 20 जून. हरा-भरा कालापीपल और एक पौधा मां के नाम अभियान अंतर्गत कालापीपल महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला को कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार क्लाइमेट परिवर्तन हो रहा है, इसका सीधा प्रभाव प्रकृति और मनुष्य और जीव-जंतु के ऊपर पड़ रहा है, हम सबको पौधरोपण करने के साथ साथ उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य करना है और अधिक से अधिक पौधारोपण कर उन्हें बड़ा करने की जिम्मेदारी भी निभानी है.**

विधायक चंद्रवंशी ने कहा कि हरा-भरा कालापीपल की अभिनव पहल में हम हर संस्था और हर विभाग को यह दायित्व सौंप रहे हैं कि वह अपने परिसर में पौधारोपण करें और उसका संरक्षण भी करें. इसी क्रम में सभी विभाग और सभी संस्था प्रमुखों से कार्यशाला के माध्यम से संवाद किया जा रहा है. वृक्षारोपण में महिला स्वयं सहायता समूह में एक बगिया मां के नाम में अच्छा कार्य करने वाले समूह सदस्य वृक्षारोपण में अच्छा कार्य करने वाली ग्राम पंचायत व्यक्ति और संस्था को विधायक और अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया.

### जेएनएस कॉलेज में राष्ट्रीय पठन दिवस का हुआ शुभारंभ

**शुजालपुर, 20 जून.** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय पठन दिवस का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने और पुस्तकों से जुड़ने का संदेश दिया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन ने पठन-पाठन को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध सुविधाओं और आगामी गतिविधियों की जानकारी भी साझा की. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में विशेष पठन कक्ष संचालित किया जा रहा है, जो प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है.

### मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस-प्रशासन की बैठक

**शुजालपुर, 20 जून.** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना शुजालपुर सिटी में पुलिस प्रशासन की बैठक आयोजित की गई. बैठक में शुजालपुर सिटी एवं शुजालपुर मंडी क्षेत्र की मोहर्रम कमेटियों के सदर एवं अध्यक्ष शामिल हुए. बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने मोहर्रम चल समारोह के दौरान डीजे के स्थान पर बैंड-बाजे का उपयोग करने की अपील की. उन्होंने कहा कि अत्यधिक ध्वनि वाले डीजे से बुजुर्गों, बच्चों एवं आम नागरिकों पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ता है. इसलिए सभी समितियां सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए सीमित ध्वनि स्तर का पालन करें.

## टास्क फोर्स और बंधक सतर्कता समिति की बैठक आयोजित

**शाजापुर, 20 जून. बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनिमय अधिनियम 1986 के अंतर्गत गठित टास्क फोर्स एवं बंधक सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभा कक्ष में किया गया. बैठक कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले की अध्यक्षता में संपन्न हुई.**

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री वास्कले द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ऐसे स्थानों का चयन करें, जहां पर बंधक और बाल श्रमिक कार्यरत पाए जाते हैं, जैसे होटलों, हाईवे के ढाबे, ऑटोपार्टस वर्कशॉप, ईंट भट्टे, स्टोन गिट्टी क्रेशर आदि स्थानों का चयन कर निरीक्षण किया जाए तथा बंधक श्रमिक अथवा बाल श्रमिक पाए जाने पर त्वरित टास्क फोर्स के माध्यम से बंधक श्रमिक अधिनियम, 1976 तथा बाल एवं किशोर श्रमिक अधिनियम, 1986 के दंडात्मक धाराओं में नियोजक के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में दायर किया जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि बाल मजदूरों के पुर्नवास की कार्यवाही करें और बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलवाया जाए. साथ ही उनके माता पिता को शासन की कल्याणकारी योजना में जोड़ा जाए.

## स्वस्थ आयु के लिए आज होगा सामूहिक योग

### 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में होगा आयोजन

**शाजापुर, 20 जून. संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग निर्धारित की गई है. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार 21 जून को सुबह 6 बजे से उत्कृष्ट विद्यालय मैदान शाजापुर में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. जिसमें मुख्य अतिथि शाजापुर विधायक अरूण भीमावद रहेंगे.**

कार्यक्रम में जिला प्रशासन, आयुष विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, महिला बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, उच्चतर माध्यमिक विभाग, नगरपालिका, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनसंपर्क विभाग, सभी विभागों की सामूहिक सहभागिता रहेगी. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के सदस्य तथा आम नागरिक सहभागिता करेंगे. जिले में पल प्रतिपल समय सारणी अनुसार एक ही समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. जिसके तहत 6 बजे से पूर्व सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति होगी. 6 बजे अतिथिगण का आगमन, 6.30 तक अतिथिगण का उद्‌बोधन होगा. फिर कोलकाता से राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण, 6.45 से प्रधानमंत्री का उद्‌बोधन एवं 7 से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का सामूहिक अभ्यास कराया जाएगा. जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उत्कृष्ट विद्यालय मैदान, शाजापुर पहुंचकर योग कार्यक्रम में सहभागिता करें तथा योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं निरोग जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं.

---

एक नजर में | जैविक और प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन

# रसायन के उपयोग से खराब हो रही धरती की सेहत : विधायक

**शाजापुर, 20 जून. जिला मुख्यालय पर आज जैविक/प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहन करने, भूमि एवं मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक वृहद जैविक एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, सवाईसिंह सिसोदिया, डॉ. रवि पाण्डे, हेमराजसिंह सिसोदिया, राधेश्याम जाट सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में शाजापुर एवं मो. बड़ोदिया के प्रगतिशील कृषक सम्मिलित हुए.**

विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में रसायनों के अत्यधिक उपयोग से हमारी धरती माता की सेहत खराब हो रही है. जिस कारण हमें पुन: अपनी पारंपरिक और वैज्ञानिक प्राकृतिक खेती की ओर लौटना होगा. उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे समय की मांग को समझते हुए कम से कम अपने खेत के एक हिस्से में प्रयोग के तौर पर प्राकृतिक खेती की शुरुआत जरूर करें. किसानों के हितों की बात रखते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती लागत को कम कर मुनाफे को बढ़ाने का सबसे बेहतरीन माध्यम है. कार्यशाला के तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों ने उपस्थित कृषकों को इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई. इस अवसर पर कार्यक्रम में कृषि विभाग, परियोजना संचालक आत्मा, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग ओर पशुपालन विभाग के वरिष्ठ विभागीय अधिकारी एवं मैदानी अमला उपस्थित रहा.

### कृषि वैज्ञानिकों ने दी जानकारी...

विशेषज्ञों ने मुख्य रूप से जीवामृत और बीजामृत निर्माण, वैज्ञानिकों ने समझाया कि कैसे जमीन को फसलों के अवशेषों से ढंककर नमी को बरकरार रखा जा सकता है. रसायनिक कीटनाशकों के स्थान पर नीम अस्त्र, ब्रह्मास्त्र जैसे प्राकृतिक विकल्पों के इस्तेमाल पर जोर दिया गया. साथ ही खेत बचाओ अभियान अन्तर्गत कृषको को संतुलित उर्वरक उपयोग एवं समुचित फसल प्रबंधन विषय पर जानकारी दी गई.

### 10 किसानों का सम्मान...

कार्यक्रम में 10 प्रगतिशील जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने वाले हर किसान को विभाग द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन और अनुदान योजनाओं का पूरा लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाएगा.

### शाजापुर के 546 ग्राम शामिल हुए

**शाजापुर, 20 जून.** रीजन में वर्तमान में 996 किमी लंबे सात नेशनल हाईवे और 468 किमी के 14 स्टेट हाईवे हैं. वहीं नागदा-उज्जैन, उज्जैन-मक्सी, उज्जैन-देवास-इंदौर-महू, इंदौर-फतेहाबाद-रतलाम रेल रूट हैं. वहीं इंदौर-धार और महू-सनावद, महू-मनमाड, मांगलिया-बुधनी रेल रूट का निर्माण जारी है. वहीं दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर से भी रीजन जुड़ रहा है. इससे उद्योग, रियल एस्टेट, पर्यटन, कृषि प्रसंस्करण और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में बड़े निवेश आएंगे. मेट्रोपॉलिटन रीजन में परिवहन नेटवर्क का सही उपयोग कर औद्योगिक विकास पर फोकस किया जाएगा. रेल और सड़क नेटवर्क का उपयोग कर पूरे रीजन का समग्र विकास होगा. इसमें शाजापुर के 546 ग्राम शामिल हुए हैं.